तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 15.3 डिग्री

हरिभूमि
हिसार भूमि
रोहतक, गुरुवार, 27 फरवरी 2025

12 जिलेभर में महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़े शिवभक्त

12 व्यक्तित्व विकास में सांस्कृतिक गतिविधियों का विशेष योगदान

खबर संक्षेप

प्रस्तावित अधिकारियों की बैठक स्थगित

हिसार। लघु सचिवालय में प्रस्तावित आईएएस अधिकारी एवं जिला हिसार की प्रभारी अमनीत पी. कुमार की अध्यक्षता में होनी वाली बैठक स्थगित हो गई। जिला उपायुक्त अनीश यादव ने बताया जिले में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा व नई योजनाओं पर मंथन के लिए वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अमनीत पी कुमार को अधिकारियों के साथ बैठक करनी थी। जिसे फिलहाल अगले आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है।

सट्टा खाईवाल में एक काबू 15,100 रुपये बरामद

हांसी। सीआईए ने सट्टा खाईवाल करते कृष्णा नगर कालोनी के गजेंद्र को 15,100 रुपये के साथ काबू किया। पुलिस को सूचना मिली थी की जींद रोड स्थित मुख्य डाकघर के पास एक व्यक्ति सरेआम सट्टा खेल रहा है। जिस पर पुलिस ने छापा मारकर आरोपी को जींद रोड़ स्थित मुख्य डाकघर के पास सरेआम सट्टा खाईवाल करते हुए पकड़कर उसके पास से 15100 रुपये की राशि बरामद की।

पांच हजार का इनामी बेल जंपर गिरफ्तार

हिसार। पुलिस की एबीवीटी टीम ने पांच हजार के इनामी को गिरफ्तार किया है। यह मामला 22 सितंबर 2018 का है, जब मिर्जापुर रोड पर लोहारी राघो निवासी जयसिंह को 9 क्विंटल गांजा बरामद हुआ था। एसआई धर्मवीर सिंह ने बताया कि उक्त आरोपी जयसिंह को पुलिस ने अन्य साथियों सहित 22 सितंबर 2018 को मिर्जापुर रोड पर ट्रक में 9 क्विंटल गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया था। अदालत से जमानत के बाद उक्त आरोपी पेशी पर नहीं गया। इस पर अदालत ने उसे उदघोषित अपराधी घोषित कर दिया। उप निरीक्षक धर्मवीर ने बताया कि आरोपी जयसिंह 500 ग्राम चरस बरामदगी मामले में थाना सेक्टर 6 बहादुरगढ़ में दर्ज मामले में पांच हजार रुपये का इनामी बेल जंपर है। आरोपी एनडीपीएस एक्ट व अन्य धाराओं के तहत झज्जर और हिसार के अलग अलग थानों में दर्ज आधा दर्जन मामलों में वांछित है।

निकाय चुनाव: उम्मीदवारों के खर्च रजिस्टरों को खंगाला, कल भी होगी जांच

खर्च के ब्यौरे में पाई गई कई खामियां कहीं बाउचर गायब कहीं अनुमति नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

निकाय चुनाव में हर पहलू पर पर्यवेक्षक भी नजर रखे हुए है। इसी कड़ी में एक बार फिर नगर निकाय चुनाव के खर्च ब्यौरा की जांच के लिए बैठक हुई है। बुधवार को हुई बैठक में खर्च पर्यवेक्षक पुनीत शर्मा व डीईटीसी तरुणा लाम्बा, लेखा अधिकारी जगबीर सिंह, अशोक कुमार नेहरा मौजूद थे। उम्मीदवारों ने चुनाव में खर्च ब्यौरा खर्च पर्यवेक्षक पुनीत शर्मा तथा संबंधित अधिकारियों के समक्ष पेश किया गया। बैठक में खर्च दस्तावेजों के रिकॉर्ड की चैकिंग की गई तथा कुछ उम्मीदवारों की तरफ से जो दस्तावेज दिखाएं गए उनमें खामियां भी मिली। जिनमें परमिशन के दस्तावेज एटैच न होना तथा वाउचर एटैच नहीं थे। इस पर अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की खामीं नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही अगली बार बैठक में आने पर तमाम दस्तावेज पूरे लाने संबंधित निर्देश दिए। अगर कोई खर्च ब्यौरा की जांच नहीं करवाता हैं, तोनियमानुसार उन पर कार्रवाई होगी। खर्च पर्यवेक्षक पुनीत शर्मा ने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर उम्मीदवार खर्च संबंधित ब्योरा तय समय पर जमा करवाना सुनिश्चित करें। निकाय चुनावों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए चुनाव आयोग की तरफ से हर पहलू पर निगाह रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। उम्मीदवारों के चुनावी खर्च पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। निगम मेयर व पार्षद पद के प्रत्याशियों के चुनाव खर्च का विस्तृत मिलान किया जा रहा है। इस संबंध में अब 28 फरवरी को भी बैठक होगी, जिसमें उम्मीदवार अपने रिकार्ड चैक करवाएं।

नारनौंद निकाय चुनाव को लेकर हांसी पुलिस अलर्ट

हांसी। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि 2 मार्च को नारनौंद निकाय चुनाव के मतदान को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। किसी भी तरह की अमर्यादित भाषा, किसी व्यक्ति विशेष, जाति, धर्म या संप्रदाय को आहत करने की मंशा से पोस्ट के रूप में कोई भी वीडियो, फोटो या अभिलेख न डालें। कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी भी प्रकार की कोई भी गलत अफवाह न फैलाएं। अगर कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाएगा या फिर किसी किसी के धर्म या जाति पर कोई गलत टिप्पणी करेगा तो उस पर पुलिस सख्त एक्शन लेगी।

शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव करवाने के पुख्ता इंतजाम

हिसार। जिला निर्वाचन अधिकारी ने दो मार्च को होने वाले चुनाव में नगर निकाय चुनाव बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इसके साथ ही सेक्टर आफिसर और ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए जा चुके है। चुनाव को शांतिपूर्ण तथा निष्पक्ष करवाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है। इस दौरान वोटर्स से आह्वान करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि मतदान न केवल हमारा अधिकार है, बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी भी है, जो लोकतंत्र को सशक्त बनाता है।

सफाई व्यवस्था पर भी नजर, नोटिस देने की तैयारी

हिसार। नगर निगम हिसार चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी हरबीर सिंह ने कहा है कि उम्मीदवार चुनाव प्रक्रिया के दौरान होने वाली गतिविधियों के लिए निर्धारित अधिकारियों से परमिशन जरूर लें। उन्होंने कहा कि प्रचार की बात हो, रोड शो, पब्लिक मीटिंग, लाउड स्पीकर इस्तेमाल या फिर वाहन को प्रचार में शामिल करना इत्यादि इन सबके लिए तय नियमानुसार परमिशन लेना अनिवार्य हैं। इसके साथ ही जनसभा, झलसा या फिर सभा इत्यादि करने के दौरान कुछ जगहों पर कूड़ा इत्यादि फैलाने संबंधित सूचना आई हैं, ऐसे मामलों में अब नोटिस दिए जाएंगे। रिटर्निंग अधिकारी हरबीर सिंह ने बुधवार को कहा कि नगर को साफ सुथरा रखना सभी का कर्तव्य हैं, ऐसे में कार्यक्रम के बाद इसे दुरूस्त रखना सुनिश्चित किया जाएं, ताकि आस पास के लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि नगर निगम की गठित टीमों की मदद लेते हुए ऐसे मामलों को चिन्हित किया जाएगा और नियमानुसार नोटिस दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी तय नियमानुसार अपना खर्च ब्यौरा जमा करवाएं। रिटर्निंग अधिकारी हरबीर सिंह ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और निष्पक्ष तरीके से संचालित करने के लिए सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश राज्य चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार दिए गए है।

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की कमिश्निंग पूर्ण

नारनौंद। नगर पालिका चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के उद्देश्य को लेकर मंगलवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान माजरा प्याऊ में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की कमिश्निंग का कार्य प्रत्याशियों की मौजूदगी के बीच पूर्ण हुआ। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मोहित महराणा ने बताया कि नपा चुनाव को लेकर आगामी 2 मार्च को मतदान होना है। सभी 16 वार्डों में एक-एक मतदान केंद्र स्थापित किया गया है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर दो- दो इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन रखी जाएगी। एक मशीन पर नगर पार्षदों के लिए वोट डाला जाएगा तथा दूसरी मशीन पर नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए मतदान करवाया जाएगा। 32 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन इस्तेमाल की जाएगी। मतदान प्रक्रिया को निर्बाध तरीके से संपन्न करवाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित संख्या में मशीनों को रिजर्व भी रखा गया है।

स्वीटी बूरा व दीपक हुड्डा आमने-सामने, केस दर्ज

बॉक्सर पत्नी ने हिसार, पति कबड्डी कप्तान ने रोहतक में दी शिकायत

- स्टार खिलाड़ियों के तीन साल के वैवाहिक जीवन में आई दरार, स्वीटी ने दीपक से मांगा तलाक 50 लाख हर्जाना व डेढ़ लाख मासिक खर्च की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

वर्ल्ड चैपियन बॉक्सर स्वीटी बूरा व भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान रहे उनके पति दीपक हुड्डा के रिश्तों में दरार आ गई है। स्वीटी व दीपक ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। स्वीटी की शिकायत पर पुलिस ने दीपक हुड्डा पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

करीब तीन वर्ष पहले स्वीटी व दीपक की शादी हुई थी। स्वीटी ने दीपक पर दहेज प्रताड़ना व मारपीट का आरोप लगाया है वहीं दीपक हुड्डा ने स्वीटी व उसके परिजनों पर धोखाधड़ी का आरोप जड़ा है। स्वीटी का आरोप है कि पति हुड्डा ने उसके साथ मारपीट की। शादी में एक करोड़ और फॉर्च्यूनर देने के बावजूद उसे कम दहेज के लिए प्रताड़ित किया। इसके अलावा स्वीटी ने 50 लाख का हर्जाना और डेढ़ लाख मासिक खर्च की मांग के साथ कोर्ट में तलाक का केस भी दायर कर दिया है। स्वीटी के पति दीपक हुड्डा ने भी स्वीटी और उसके परिवार पर संपत्ति हड़पने के साथ जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रोहतक में शिकायत दी है। दीपक का कहना है कि स्वीटी ने सोते हुए उसका सिर फोड़ा। उस पर चाकू से हमला किया। स्वीटी और दीपक इस वक्त भाजपा के नेता हैं। दीपक ने महम सीट से पिछला विधानसभा चुनाव लड़ा हालांकि स्वीटी बूरा को भाजपा ने टिकट नहीं दी थी।

वर्ल्ड चैंपियन स्वीटी बूरा ने यह लगाए आरोप

पुलिस को शिकायत देते हुए स्वीटी बूरा ने आरोप लगाया है कि वह हिसार के सेक्टर चार में रहती है। उसकी शादी 7 जुलाई 2022 को रोहतक के रहने वाले दीपक से हुई। उसके माता-पिता ने अपनी हैसियत से ज्यादा बोझ उठाकर दहेज के तौर पर करीब एक करोड़ रुपए खर्च किए। पिता दहेज के तौर पर दीपक को क्रेटा गाड़ी देना चाहते थे, मगर दीपक और उनकी बहन पूनम ने शादी से चार दिन पहले 3 फरवरी 2022 को फॉर्च्यूनर गाड़ी की मांग कर दी। उसके पिता के पास इतने रुपये नहीं थे। फिर भी बेइज्जती के डर से उन्होंने 11.59 लाख रुपये कंपनी में जमा कराए और बाकी बैंक से लोन लेकर दीपक को फॉर्च्यूनर गाड़ी दे दी। स्वीटी का आरोप है कि शादी के बाद जब मैं ससुराल पहुंची तो दीपक की बहन ने ताना दिया कि तेरे पिता ने हमारी हैसियत अनुसार दहेज नहीं दिया।

स्वीटी बूरा।

जांच में शामिल नहीं

स्वीटी बूरा की शिकायत पर मामले की जांच जारी है। दीपक हुड्डा को नोटिस देकर जांच में शामिल होने के लिए बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं आए।

-शशांक कुमार सावन, एसपी हिसार।

दीपक हुड्डा ने रोहतक पुलिस को दी शिकायत

दीपक हुड्डा ने स्वीटी बूरा व उसके परिजनों के खिलाफ रोहतक पुलिस को शिकायत दी है। जिसमें कहा कि 7 जुलाई 2022 को हमने शादी की। हालांकि 2015 से मैं और स्वीटी बूरा लिव इन रिलेशनशिप में रहते थे। मेरा उनके घर भी आना-जाना था। उसके माता-पिता की शुरू से मेरी प्रॉपर्टी पर नजर थी। मुझे इसका पता नहीं था। मेरे माता-पिता का बचपन में ही निधन हो गया था। जिससे मुझे समझाने वाला कोई नहीं था। मैंने उसके माता-पिता को अपना माता-पिता माना। मगर, मुझे नहीं पता था कि ये लोग मेरे साथ इतनी बड़ी जालसाजी करेंगे। मैंने सेक्टर 1-4 हिसार में एक प्लॉट लिया था। इसकी सारी पेमेंट मैंने की। इन्होंने मुझसे बैंक में कहलवा दिया कि मेरे अकाउंट से जो भी बड़ी पेमेंट हो, वह इनके कहने पर करवा देना। इसके बाद प्लॉट की पेमेंट को पहले स्वीटी बूरा और उसकी मां सुरेश कुमारी के अकाउंट में ट्रांसफर कराया गया। फिर वह रकम आगे प्लाट विक्रेता को दी गई। इन्होंने मुझसे झूठ बोलकर 25 लाख नकद ले लिए कि अलग से भी कुछ पैसे देने पड़ेंगे। इन्होंने कहा कि शादी के बाद एक हो ही जाना है तो फिर स्वीटी के अकाउंट से पैसे देने से कुछ नहीं होगा। दीपक के अनुसार असल में यह सब साजिश थी। प्लाट सिर्फ मेरे नाम के बजाय मेरे और स्वीटी के नाम पर रजिस्ट्री करा दिया गया। उस वक्त स्वीटी बूरा वहां मौजूद तक नहीं थी। स्वीटी बूरा के पिता महेंद्र बूरा ने ब्याज पर देने के बहाने मुझसे लाखों रुपये ठगे। स्वीटी के परिजनों के नाम पर लाखों रुपये ट्रांसफर कराए।

दीपक हुड्डा।

आमजन बंपर डिस्काउंट, लॉटरी और किसी इनाम के झांसे में न आएं : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अगर आपके पास किसी का फोन आता हैं कि आपको बंपर डिस्काउंट दिया जा रहा हैं, या आपकी लॉटरी अथवा इनाम निकला हैं तो ऐसे झांसों में बिल्कुल ना आएं। साइबर ठगी करने वाले अक्सर इसी तरह का लालच का जाल बिछा फांसते हैं, ऐसे में इस प्रकार के भ्रामक विज्ञापनों अथवा फोन कॉल के झांसे में आने की बजाय सजगता बरतनी चाहिए।

उपायुक्त अनीश यादव ने ऐसे बढ़ते मामलों में जिलावासियों को जागरूक करते हुए कहा कि साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में जागरूकता ही बचाव का सबसे आसान तरीका है। उन्होंने कहा कि साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में रोक जागरूकता से ही लगाई जा सकती है। अगर किसी के साथ इस प्रकार की धोखाधड़ी हुई हैं तो वो तुरंत केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के युग में, ऑनलाइन शॉपिंग का क्रेज बढ़ने से लोग अक्सर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या इनाम वाले विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं। ऐसे में इससे बचना चाहिए।

प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान में सभी को करनी चाहिए भागीदारी : प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से 'प्लास्टिक मुक्त भारत' विषय पर 'जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एक समाचार चैनल के कंसलटेंट एडिटर संदीप चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त भारत स्वच्छ भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के लिए हानिकारक प्लास्टिक के प्रयोग को कम करना और साफ सुथरे माहौल का निर्माण करना है। यह अभियान व्यापक और महत्वपूर्ण है और सबको इसमें भागीदारी बढ़ानी चाहिए। डा. अंजू गुप्ता ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है, जो भारतीय समाज को प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों से मुक्त करने के लिए शुरू किया गया है।

टेनिस में योगेश कोहली की एक और उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- वर्ल्ड मास्टर आईटीएफ का खिताब

हैदराबाद में हुई वर्ल्ड मास्टर आईटीएफ सीनियर रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट का खिताब हिसार के सीनियर टेनिस खिलाड़ी योगेश कोहली ने अपने नाम कर लिया है। योगेश कोहली का यह 2025 का पांचवां अंतरराष्ट्रीय खिताब है। इससे पहले कोहली की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग 141 थी। यह खिताब जीतने के बाद उनकी वर्ल्ड रैंकिंग दुनिया में 100 के करीब हो जाएगी।

योगेश कोहली की इस उपलब्धि पर टेनिस एसोसिएशन हिसार का हिस्सा होने के नाते अध्यक्ष सतिंदर सिंह और अन्य सभी सदस्यों और निदेशक खेल जीजेयू डॉ. लूथरा ने उन्हें बधाई दी और उन्हें भविष्य में और अच्छा करने के लिए प्रेरित किया।

योगेश कोहली ने बुधवार को बताया कि वे जीजेयू हिसार के टेनिस कोर्ट में अभ्यास करते हैं और वहां पर टेनिस खिलाडियों को अभ्यास व प्रशिक्षण भी प्रदान करते हैं। उनका अगला लक्ष्य विश्व चैंपियनशिव के लिए क्वालिफाई करना है। योगेश कोहली भारत के सीनियर टेनिस खिलाड़ी हैं तथा इंटरनेशनल टेनिस रैंकिंग में पूरे विश्व में उनका बेस्ट रेंक 141 वां व भारत में दूसरा रहा है जो कि इस जीत के बाद बदल जाएगा।

बुजुर्ग महिला के अपहरण का प्रयास करने के दो आरोपी काबू

नारनौंद। गांव पाली की एक 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला का गाड़ी में डालकर अपहरण करने के प्रयास मामले में पुलिस ने घिमाना के सुदेश व अशोक को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया है। एक किशोरी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी को भी अपने कब्जे में ले लिया है। जीवनी देवी ने बताया कि वह हिसार रहती है। एक अक्टूबर 2024 को गांव पाली में अपना मकान देखने आई थी। जब वह गांव के बस स्टैंड पर पहुंची तो वहां पर एक बोलेरो गाड़ी आकर रुकी। जिसमें जींद में घिमाना के अशोक, सुदेश व सुदेश की नाबालिग बेटी गाड़ी से उतरे व गाड़ी में डालकर उसका अपहरण करने का प्रयास किया। जीवनी देवी के शोर मचाने पर आसपास के लोग वहां पर एकत्रित हो गए थे और उन्होंने बुजुर्ग महिला को छुड़वाया दिया था। यह पूरी घटना वहां पर लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

शेखपुरा: सरपंच के घर के बाहर हवाई फायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

- बाइक सवार दो बदमाशों ने रात करीब 10 बजे दिया घटना को अंजाम

शेखपुरा गांव के सरपंच व सरपंच एसोसिएशन के प्रधान प्रदीप लादी के घर वाली गली में मंगलवार रात करीब 10 बजे दो नकाबपोश युवकों द्वारा हवाई फायर किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। हवाई फायर किए जाने के बाद दोनों युवक बाइक पर मौके से भाग गए। घटना के समय सरपंच प्रदीप घर के अंदर मौजूद थे। लेकिन जब तक वो बाहर आए तब तक हवाई फायर करने वाले युवक मौके से फरार हो चुके थे।

सूचना पर डीएसपी रविंद्र सांगवान व सदर थाना पुलिस प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी सिद्धार्थ बिश्नोई मौके पर पहुंचे और मामले की शुरू कर दी। पुलिस वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। प्राथमिक जांच में हवाई फायर किए जाने को कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। हवाई फायर करने वाले आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने जिले भर में सीलिंग प्लान लागू कर आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन आरोपी पुलिस को चमका देकर फरार होने में सफल रह। सरपंच प्रदीप लादी को घर गेट पर एक पर्ची भी मिली थी जिस पर अंग्रेजी में सिर्फ सिकंदर फौजी लिखा हुआ है।

जिला बार एसोसिएशन के इतिहास में पहली बार ईवीएम से चुनाव

हिसार। जिला बार एसोसिएशन चुनाव कमेटी की मीटिंग बुधवार को हुई। इसकी अध्यक्षता बार के चुनाव अधिकारी सुनील तिवारी द्वारा की गई। इस मौके पर बार के सह चुनाव अधिकारी अधिवक्ता राजेश वर्मा, राम सिंह सोढ़ी, शीतल कुमार शिल्ला, विकास देहडू, अनुराग भारद्वाज, नवनीत चहल मौजूद रहे। चुनाव अधिकारी अधिवक्ता सुनील तिवारी ने बताया कि जिला बार एसोसिएशन के पहली बार चुनाव ईवीएम मशीन से करवाए जाएंगे। इस संबंध में सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। पूरी चुनाव कमेटी ने प्रशासन से बातचीत करके इस कार्य को सफल बनाने की पूरी तैयारी कर ली है। इसके अलावा सभी अधिवक्ताओं को अपना अधिवक्ता पहचान पत्र साथ लेकर आना अनिवार्य होगा। चुनाव 28 फरवरी को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जिला बार एसोसिएशन के बार रूम में होंगे। मतदान के तुरंत बाद ईवीएम मशीनों से मतगणना की जाएगी और बहुत जल्द चुनाव परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

आदमपुर मार्केट कमेटी सचिव के निलंबन व तबादले पर हाई वोल्टेज ड्रामा

सुबह सचिव-सुपरवाइजर सस्पेंड, कुछ समय बाद बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी आदमपुर

मार्केट कमेटी सचिव द्वारा व्यापारियों पर दुर्व्यवहार व शोषण करने के आरोपों के चलते अनिश्चिकालीन धरने पर हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है। व्यापारियों की शिकायतों के चलते सरकार ने मार्केट कमेटी सचिव राहुल यादव व मंडी सुपरवाइजर को सस्पेंड करके निशांत सिंह को सचिव लगाया गया। निशांत सिंह ने व्यापारियों से बातचीत कर धरना समाप्त करवा दिया लेकिन अगले ही क्षण व्यापारी व नए लगे सचिव उस समय हक्के-बक्के रह गए, जब सस्पेंड किए गए सचिव राहुल यादव को न केवल बहाल कर दिया गया, बल्कि उनकी पोस्टिंग भी आदमपुर में सचिव पद पर कर दी गई।

मंडी में धरने पर पहुंचे सचिव निशांत के समक्ष मांगे रखते व्यापारी।





आदमपुर। सचिव का सस्पेंसन व बहाली पत्र।

सस्पेंड कर की गई नए सचिव की नियुक्ति

मामले के अनुसार मंगलवार देर रात्रि विभाग ने आदमपुर मार्केट कमेटी सचिव राहुल यादव व मंडी सुपरवाइजर रमेश कुमार को सस्पेंड करने के आदेश जारी किए। जारी हुए दो अलग-अलग आदेशों में लिखा गया कि राहुल यादव मार्केट कमेटी सचिव व मंडी सुपरवाइजर रमेश कुमार को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड किया जाता है। सस्पेंशन के दौरान उनका मुख्यालय सीएमईओ एचएसएएम बोर्ड पंचकूला के कार्यालय में रहेगा। वे सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति प्राप्त किये बिना मुख्यालय नहीं छोडेंगे। तीसरे आदेश में सहायक सचिव निशांत को आदमपुर का सचिव नियुक्त किया गया।

बुधवार सुबह मार्केटिंग बोर्ड द्वारा आदमपुर मार्केट में लगाए नए सचिव निशांत सिंह व्यापारियों के धरना स्थल पर पहुंचे और व्यापारियों की समस्याएं सुनी। निशांत सिंह ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि उनकी सभी समस्याओं का समाधान करवाया जायेगा। व्यापारियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने दी जायेगी। आश्वासन पर व्यापारियों ने धरना समाप्त कर दिया।

धरना खत्म होते ही बहाली के आदेश जारी

व्यापारियों द्वारा धरना समाप्त करने के कुछ ही समय बाद मार्केटिंग बोर्ड का एक नया पत्र जारी हुआ। उस पत्र में लिखा गया था कि राहुल यादव सचिव-सह-कार्यकारी अधिकारी मार्केट कमेटी आदमपुर को आदेश संख्या सीएंडई-1-2025/242/12313-324 दिनांक 25 फरवरी के तहत निलंबित किया गया था। उनके खिलाफ लंबित विभागीय जांच के प्रति पूर्वाग्रह के बिना उन्हें बहाल किया जाता है। इतना ही नहीं बहाली के बाद राहुल यादव को फिर से आदमपुर मार्केट कमेटी में पूर्व की भांति उसी पद पर नियुक्ति भी मिल गई।

अब दोबारा बैठक कर लेंगे फैसला

मार्केट सचिव राहुल यादव व मंडी सुपरवाइजर रमेश कुमार को विभाग द्वारा सस्पेंड करने के बाद नए सचिव निशांत सिंह द्वारा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान करने के आश्वासन देने के चलते व्यापारियों ने अपना धरना समाप्त कर दिया था। कुछ देर बाद उन्हें पता चला कि विभाग ने पत्र जारी कर राहुल यादव को फिर से आदमपुर में सचिव नियुक्त किया है। व्यापारियों अब दोबारा बैठक कर आगामी फैसला लेंगे और इस बार आदमपुर मंडी ही नहीं पूरे प्रदेशभर की मंडियों को बंद रखने के बारें में प्रदेश कमेटी से चर्चा कर फैसला लिया जाएगा।

- नवीन बैनीवाल, प्रधान, व्यापार मंडल आदमपुर।

स्पेशलः वर्ल्ड ओबेसिटी-डे, 4 मार्च

बढ़ते वजन के साथ बढ़ती हैं अनेक बीमारियों की आशंका

डॉक्टर एडवाइस
डॉ. प्रतीक पोरवाल
जी.आई. सर्जन
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर

आमतौर पर मोटापा वह शारीरिक स्थिति है, जिसमें व्यक्ति के शरीर में वसा की मात्रा बढ़ जाती है। जब किसी व्यक्ति की लंबाई के अनुपात में उसका वजन एक निश्चित मानक सीमा से अधिक हो जाता है तो उसे मोटापे की स्थिति कहा जाता है।

क्या है मॉर्बिड ओबेसिटी

मॉर्बिड ओबेसिटी या रुग्ण रोगिष्ठ मोटापा एक ऐसी स्थिति है, जहां किसी व्यक्ति के शरीर में अत्यधिक मात्रा में वसा संचित होती है, जो उसके स्वास्थ्य पर अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव डालती है। ऐसा मोटापा गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। इसे आमतौर पर 40 या उससे अधिक के बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) द्वारा परिभाषित किया जाता है।

मोटापा और बीएमआई

मोटापे के आकलन की सबसे प्रमुख विधि बॉडी मास इंडेक्स संक्षेप में बीएमआई है। कमर की माप से भी मोटापे का अंदाजा लगाया जा सकता है, लेकिन मान्य और प्रचलित विधि बीएमआई ही है। बीएमआई की गणना के लिए पहले किसी व्यक्ति के वजन को किलोग्राम में मापा जाता है और फिर उसे उसकी लंबाई के मीटर वर्ग से विभाजित किया जाता है।

मॉर्बिड ओबेसिटी के लक्षण

- थोड़ा शारीरिक श्रम करने पर सांस फूलने लगती है। बैठने और चलने-फिरने में दिक्कत महसूस करना।
- जोड़ों और कमर में दर्द की समस्या के मामले ऐसे लोगों में ज्यादा होते हैं।
- जरा सा भी शारीरिक श्रम करने पर थकान महसूस करना।
- सोते समय खर्राटे लेना और रात में अचानक घबराहट होने पर उठ जाना (स्लीप एपीनिया)।

ओबेसिटी के कारण

व्यायाम न करनाः जो लोग नियमित रूप से व्यायाम नहीं करते या कम शारीरिक श्रम करते हैं, उनके मोटे होने की संभावना बढ़ जाती है। मोटापे के अधिकांश मामलों में एक व्यक्ति जितनी कैलोरी बर्न करता है, उससे बहुत अधिक कैलोरी ग्रहण करता है। शरीर द्वारा इस्तेमाल न की जाने वाली कैलोरी वसा के रूप में संचित हो जाती है।

जंक फूड्सः लगभग हर दिन अत्यधिक चिकनाई युक्त आहार ग्रहण करना या फिर अकसर जंक फूड्स लेना मोटापे से ग्रस्त कर देता है। इसके अतिरिक्त जो लोग अपने खान-पान में फलों और सब्जियों को वरीयता नहीं देते हैं, वे भी मोटापे से ग्रस्त हो सकते हैं।

मानसिक तनावः कालांतर में यह नकारात्मक मानसिक अवस्था भी मोटापे का कारण बन सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि तनाव से शरीर में हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं। हार्मोंस के असंतुलन की स्थिति से मोटापा बढ़ सकता है।

वंशानुगत कारणः इनसे भी मोटापा बढ़ सकता है। जैसे अगर मां-बाप अपने जीवन काल में मोटापे की समस्या से ग्रस्त हैं तो उनकी संतानों में भी मोटापा बढ़ना संभव है।

थायरॉइड ग्रंथि के विकारः इस ग्रंथि के असंतुलन या विकार से भी मोटापा बढ़ने की संभावना रहती है।

पूरी दुनिया में ओवरवेट होना यानी मोटापा, एक बड़ी हेल्थ प्रॉब्लम बन कर उभर रहा है। मोटापे की समस्या किसी भी व्यक्ति को रातों-रात यानी अचानक उत्पन्न नहीं होती है। लंबे समय तक गलत जीवनशैली और अस्वास्थ्यकर खान-पान, मोटापे की समस्या उत्पन्न करते हैं। यह स्थिति कई अन्य बीमारियों की वजह बनती है। इस बारे में जानना सभी के लिए जरूरी है

मोटापे से होने वाली समस्याएं

जो लोग अत्यधिक मोटापे से ग्रस्त हैं, उनमें इन स्वास्थ्य समस्याओं के होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। जैसे- उच्च रक्त चाप, हृदय की बीमारियां, डायबिटीज टाइप 2, स्ट्रोक, अर्थराइटिस, सोते समय खर्राटे भरना या स्लीप एपीनिया, मोटापे से ग्रस्त लोगों में आंतों और स्तन कैंसर होने के मामले कहीं ज्यादा हो सकते हैं। गर्भवती महिलाओं में अत्यधिक वजन के बढ़ने से उनके गर्भस्थ शिशु को भी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसके अलावा जो लोग पहले से ही उपरोक्त बीमारियों से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने वजन नियंत्रण पर डॉक्टर से परामर्श लेकर विशेष ध्यान देना चाहिए, तभी वे उपरोक्त समस्याओं को नियंत्रित कर सकते हैं।

मनोवैज्ञानिक समस्याएंः जो नवयुवक या नवयुवतियां अत्यधिक मोटापे से ग्रस्त हैं, उनके अंदर कुछ मनोवैज्ञानिक समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। जैसे वे शारीरिक रूप से हीनता ग्रंथि के शिकार हो सकते हैं। उन्हें लोगों से मिलने-जुलने में अच्छा महसूस नहीं होता।

इनफर्टिलिटीः मोटापा और बांझपन (इनफर्टिलिटी) के बीच एक गहरा संबंध है। अधिक वजन और मोटापा महिलाओं और पुरुषों दोनों में प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं।

ऐसे करें वेट कंट्रोल

पहली बात तो यह समझ लें कि मोटापे को किसी भी दवा या किसी मेडिकल चमत्कार से चंद घंटों या दिनों में दूर नहीं किया जा सकता। मोटापे को नियंत्रित करने के संदर्भ में किसी भी व्यक्ति की उम्र, शारीरिक स्थिति और उसकी मेडिकल कंडीशन के बारे में जानना आवश्यक है।

कब लें डॉक्टर से परामर्शः जिन लोगों का वजन बीएमआई के मानकों से परे जाकर बढ़ता जा रहा है या जो लोग पहले से ही मोटापे से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। डॉक्टर आपको अपनी जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन करने और स्वास्थ्यकर खान-पान के संदर्भ में समुचित जानकारी देंगे। इस संदर्भ में डॉक्टर आप से कुछ सवाल भी पूछ सकते हैं। जैसे आप डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर अन्य किसी रोग से पीड़ित तो नहीं हैं, फिलहाल आप क्या दवाएं ले रहे हैं, शराब या धूम्रपान के तलबगार तो नहीं हैं। आप व्यायाम या शारीरिक गतिविधियों में भाग लेते हैं या नहीं। इसके अलावा डॉक्टर आपकी बीएमआई भी चेक कर सकते हैं और अगर आपको कोई बीमारी है तो उससे संबंधित जांच भी करवा सकते हैं। डॉक्टर आपको डायटिशियन के पास भी रेफर कर सकते हैं और इस संदर्भ में व्यायाम या योगासन के लिए किसी विशेषज्ञ को भी रेफर कर सकते हैं। अत्यधिक मोटापाग्रस्त होने की स्थिति में वे आपको बैरियाट्रिक सर्जन से परामर्श लेने की भी राय भी दे सकते हैं।

तब करवाएं बैरियाट्रिक सर्जरी

बैरियाट्रिक सर्जरी एक प्रकार की सर्जरी है, जिसका उद्देश्य अत्यधिक मोटापे का इलाज करना है। यह सर्जरी विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए होती है, जिनका बीएमआई 40 या उससे अधिक होता है, या जिनका बीएमआई 35-39.9 होता है और उन्हें मोटापे से संबंधित गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं, जैसे कि डायबिटीज, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप आदि। इसके अलावा यदि किसी व्यक्ति ने आहार और व्यायाम के माध्यम से वजन घटाने की कोशिश की है, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली, तो बैरियाट्रिक सर्जरी का विकल्प दिया जा सकता है।

ऐसे निर्धारित करते हैं मोटापा

यदि किसी व्यक्ति का बीएमआई 18.5 या उससे नीचे है, तो इसका आशय है कि उसका वजन सामान्य से कम है, वह

अंडरवेट है। ऐसा व्यक्ति कुपोषण का शिकार हो सकता है। किसी व्यक्ति का बीएमआई 18.5 से 24.9 के मध्य है तो उसका वजन सामान्य है, जिसे नॉर्मल वेट कहते हैं। अगर किसी व्यक्ति का बीएमआई 25 से 28 के मध्य है, तो उसका वजन अधिक है, उसे ओवरवेट कहा जाता है। बीएमआई 28 से 30 के मध्य है तो उसे ग्रेड-1 मोटापे की श्रेणी में रखा जाता है। अगर बीएमआई 31 से 40 के मध्य है तो उसे ग्रेड-2 मोटापा माना जाता है। अगर बीएमआई 40 से अधिक है तो उसे अत्यधिक गंभीर मोटापा (रुग्ण रोगिष्ठ मोटापा) माना जाता है।

आमतौर पर पुरुषों में 94 सेमी. या फिर इससे अधिक और महिलाओं में 80 सेमी. या इससे अधिक कमर की माप को स्वास्थ्य के प्रतिकूल माना जाता है।

वेट कंट्रोल का डाइट प्लान

मोटापे को नियंत्रित करने में खान-पान का व्यायाम की तुलना में कहीं ज्यादा महत्व है। मोटापे को कम करने में 90% स्वास्थ्यकर खान-पान और 10% वर्कआउट व्यायाम की स्थिति आदर्श मानी जाती है। वजन को नियंत्रित करने के लिए कई डाइट प्लान हैं, जिन पर अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लेकर ही अमल करना चाहिए। जैसे पैलियो डाइट प्लान। इसके अंतर्गत आहार में टमाटर, प्याज, लहसुन और गाजर को शामिल किया जाता है। इसके अलावा फलों, नट्स, मछली, फलियां, अनाज और डेयरी उत्पादों को भी शामिल किया जाता है।

डाइटिंग के नाम पर अपनी भूख मारना या कम से कम खाना अपने शरीर के साथ अत्याचार करने जैसा है। अनेक ऐसे लोग हैं जिनके दिमाग में यह गलत धारणा बैठ चुकी है कि मोटापे को कम करने के लिए डाइटिंग एक सशक्त माध्यम है, जबकि सच्चाई इसके विपरीत है। याद रखें, डाइटिंग से मोटापा कम नहीं होता।

मोटापा और दवाएं

इस संदर्भ में महत्वपूर्ण बात यह है कि मोटापा कम करने वाली दवाओं का सेवन अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लिए बगैर नहीं करना चाहिए। मॉर्बिड ओबेसिटी को नियंत्रण करने में दवाओं का एक सीमित योगदान है।

वजन घटाने की दवाएं विशेष रूप से उन लोगों के लिए होती हैं, जो आहार और व्यायाम के साथ भी वजन कम करने में सफल नहीं हो पाते। ये दवाइयां डॉक्टर की निगरानी में ली जाती हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि ऐसी दवाओं के साइड और आफ्टर इफेक्ट भी होते हैं। इन दवाओं का उद्देश्य शरीर में वसा को जलाना या बर्न करना, भूख को कम करना और शरीर के ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाना होता है। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

इन बातों पर दें ध्यान

वजन नियंत्रण के लिए आपको अपनी जीवनशैली में लगातार सकारात्मक परिवर्तन करने होंगे। जैसे अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करना, खान-पान में मौसमी फलों और हरी सब्जियों को वरीयता देना आदि। इसके अलावा इन सुझावों पर भी अमल करना लाभप्रद रहेगा।

- डॉक्टर या डायटिशियन से परामर्श लेकर अपनी शारीरिक स्थिति और मेडिकल कंडीशन के अनुसार खान-पान का एक चार्ट बनवा लें और फिर उस पर अमल करें।

- नियमित रूप से व्यायाम करें, लेकिन इस संदर्भ में याद रखें कि प्रत्येक व्यक्ति की उम्र और उसकी मेडिकल कंडीशन के अनुसार ही व्यायाम और उसका समय निर्धारित किया जाता है। इसलिए इस संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लें।
- जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखें और तनाव को स्वयं पर हावी न होने दें। ऐसा इसलिए क्योंकि तनाव से भी मोटापा या वजन बढ़ सकता है। तनाव से शरीर में हार्मोन संबंधी असंतुलन उत्पन्न होता है, जिसके कारण कालांतर में मोटापा बढ़ सकता है। तनाव को नियंत्रित करने के लिए मेडिटेशन करें।
- अत्यधिक चिकनाईयुक्त खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- खाद्य पदार्थों में ऊपर से नमक न छिड़कें। नमक का कम से कम सेवन करना लाभप्रद है।
- खाना खाते समय टीवी न देखें।

घरेलू औषधि

बहुत लाभकारी है जैतून नमक

आमतौर पर लोग साधारण नमक, काला नमक और सेंधा नमक के बारे में तो जानते हैं। लेकिन एक अन्य लाभकारी नमक जैतून नमक के बारे में कम ही लोग जानते हैं। यह एक विशेष नमक है, जो कई रोगों के उपचार में कारगर है।

क्या होता है जैतून नमकः इस नमक को बनाने के लिए साधारण नमक को जैतून के साथ मिलाकर एक निश्चित विधि से तैयार किया जाता है। इसके लिए पूरे पके हुए जैतून को मोटे नमक (डली वाला साधारण नमक) के साथ मिलाकर ढंक कर लगभग दो महीने के लिए रख दिया जाता है। निर्धारित समय के बाद उस नमक में विशेष गुणों का समावेश प्राकृतिक रूप से होता है। जिससे एक औषधि बन जाती है, जो कई स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों में लाभकारी होता है। इसमें मिलने वाले प्रमुख तत्व हैं- विटामिन ई, लोहा, तांबा और कैल्शियम आदि। जैतून नमक की तासीर ठंडी होने के कारण सर्दियों में इसका सेवन कम करना चाहिए।

इन रोगों में कारगरः जैतून नमक को कई रोगों के उपचार में उपयोग किया जा सकता है।

- इसका प्रयोग शरीर के बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।
- पेट संबंधी अजीर्ण, गैस, अपच, भूख न लगना या कम लगना आदि समस्याओं में यह हितकर है।
- डायबिटीज (रक्तशर्करा) और उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) के उपचार में जैतून नमक का सेवन उपयोगी है।
- यह शारीरिक क्षमता में बढ़ोत्तरी करता है।
- हृदय को स्वस्थ रखने के लिए यह लाभकारी है।
- कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करता है।
- बढ़ते वजन से परेशान लोगों का वजन कम करने में मददगार है।
- यकृत (लिवर) को स्वस्थ बनाने में सहायक है।
- किडनी की समस्या में इसका सेवन लाभकारी है।
- बढ़ती आयु में हड्डियों को स्वस्थ रखने में इसका सेवन मददगार है।

कुछ लोगों को जैतून से एलर्जी होती है, उन्हें इसका सेवन नहीं करना चाहिए। इसकी कितनी मात्रा कैसे लेनी है, इसका निर्धारण स्वयं न करें, विशेषज्ञ से सलाह के आधार पर करें।

यहां बताए गए उक्त सभी उपाय-उपचार सामान्य हैं। प्रयोग करने से पहले अपने वैद्यजी या आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें। *

-वैद्य हरिकृष्ण पांडे 'हरीश'

डॉक्टर सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

जब नींद के लिए लेनी पड़े दवा

मेरी उम्र 66 वर्ष है। मुझे अकसर रात को नींद नहीं आती। पिछले कुछ समय से मैं नींद की गोलियां ले रहा हूं। इससे रात को नींद तो अच्छी आती है, लेकिन पूरे दिन सुस्ती बनी रहती है। समझ नहीं आता, क्या करूं? कृपया उचित मार्गदर्शन करें।

-वीरपाल, महेंद्रगढ़

नींद की दवा खाकर सोना, यह अच्छी बात नहीं है। सबसे पहले आप कोशिश करें कि नींद की दवा लेना बंद करें और इसके बगैर कैसे नींद आए, इसका रास्ता खोजें। इसके लिए सबसे जरूरी है कि नींद न आने की वज़ह ढूंढ़ने की, यानी किस वजह से नींद नहीं आती है? यह समस्या आपको कब से है यानी इस बीच में ऐसा क्या हुआ है, जो बात बार-बार आपके मन में आती है, जिससे नींद नहीं आ रही हो। अगर आप स्वयं से ऐसा न कर पाएं तो जरूर आपको एक बार मनोरोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए, लेकिन नींद की दवा आपको लेना बिल्कुल बंद कर देना चाहिए।

मेरी उम्र 38 वर्ष है। जब भी मैं कुछ दूर पैदल चलता हूं, मेरे पैरों में सूजन आ जाती है। रेस्ट करने पर यह सूजन अपने-आप ही ठीक हो जाती है। ऐसा क्यों होता है? मुझे क्या करना चाहिए?

-अभिनव, दुर्ग

पैरों में सूजन दो कारणों से होती है, पहले मसल्स का वीक होना और दूसरा डायबिटीज। आप पहले जनरल फिजिशियन से संपर्क करें, वो आपकी शुगर और कुछ अन्य जांच कराएंगे, जिससे पता चलेगा कि आपको किस वजह से सूजन आ रही है? इसके बाद उसका उपचार होगा। फिलहाल, बगैर डॉक्टर से कंसल्ट किए कोई भी दवा आप ना खाएं। ज्यादा दिक्कत होने पर आप सिंकाई कर सकते हैं।



मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरे फेस पर बहुत अधिक झाइयां हो रही हैं। कई तरह की क्रीम और दवाइयां लेने के बाद भी यह ठीक नहीं हो रही। मेरी इस प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।

-सुकेश, रायपुर

अभी आप की उम्र अधिक नहीं है इसलिए आपको दवा खाने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। दवा के अधिक सेवन से आपको अभी भले ही आराम मिल जाए, लेकिन आगे और परेशानी बढ़ सकती है। सबसे पहले आप अपनी तरफ से इस्तेमाल की जाने वाली दवाइयां बंद करें और एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। वो इसका कारण बताएंगे और उसका ट्रीटमेंट भी। लेकिन आप अभी पानी अधिक से अधिक पिएं। शरीर में पानी की कमी न होने दें। कई बार यह भी त्वचा रोग का कारण बन जाता है।

मेरी उम्र 46 वर्ष है। तीन हफ्ते पहले बाथरूम में पैर स्लिप करने की वजह से मेरी कमर में चोट आई थी। अभी भी कमर में चोट वाली जगह पर रह-रहकर दर्द होता रहता है। ऐसे में क्या करूं, जिससे मुझे कमर दर्द से राहत मिले?

-अर्णव, बिलासपुर

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको स्पाइन में चोट लगी है, जिसमें किसी तरह की फ्रेक्चर नहीं हुआ होगा। इस तरह की चोट में थोड़ा लंबे समय तक दर्द रहता है। कोशिश करें कि आप झुकने वाले काम बिल्कुल न करें, वजन न उठाएं। सोने के लिए हार्ड बेड का इस्तेमाल करें। अगर अधिक दर्द हो रहा है तो जरूर आपको एक बार हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि दर्द हो रहा है इसलिए किसी तरह की एक्सरसाइज भी न करें।

मेरी उम्र 61 वर्ष है। अकसर खड़े होने पर मेरे पैरों में थरथराहट शुरू हो जाती है, जिसकी वजह से चलते वक्त लड़खड़ाने लगता हूं। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।

-कौशल किशोर, भोपाल

इस बात पर ध्यान दें कि आपका वजन अधिक तो नहीं है? कई बार वजन अधिक होने पर इस तरह की समस्याएं बढ़ती उम्र में देखी जाती हैं। लेकिन एक बार आप मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ संपर्क से कर लें, क्योंकि इस तरह की समस्याएं न्यूरो से जुड़ी भी हो सकती हैं। ऐसे में बगैर जांच किए कुछ भी कहना मुश्किल है। लेकिन आप जैसा बता रहे हैं, तो ज्यादा चलने की कोशिश न करें। गिर सकते हैं और चोट लग सकती है। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

मेडिकल रिसर्च
माहिया

कुछ समय पहले खबरें आईं कि रूस के वैज्ञानिकों ने कैंसर ट्रीटमेंट के लिए वैक्सीन बनाने में सफलता हासिल कर ली है। क्या है यह वैक्सीन, कैसे करेगी यह वर्क और इससे कितना प्रभावी होगा ट्रीटमेंट, आप जरूर जानना चाहेंगे।

बना ली गई कैंसर वैक्सीन कितना प्रभावी होगा इलाज

हाल में रूस ने घोषणा की है कि उनके वैज्ञानिकों ने कैंसर की रोकथाम के लिए एक नई एमआरएनए-आधारित वैक्सीन विकसित की है, जो जल्द ही रोगियों को मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। गमालेया नेशनल रिसर्च सेंटर फॉर एपिडेमोलोजी एंड माइक्रोबायोलॉजी के निदेशक एलेक्जेंडर गिंट्सबर्ग का कहना है कि इस वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल्स से मालूम हुआ है कि यह रसौली को बढ़ने से रोकती है और उसके आशंकित रूप-परिवर्तन को भी। एमआरएनए या मैसेंजर आरएनए वैक्सीन, वह जेनेटिक सूचना उपलब्ध कराती है, जो शरीर की कोशिकाओं को एंटीजन (प्रोटीन या अन्य पदार्थ जो इम्यून या प्रतिरोधात्मक प्रतिक्रिया आरंभ करते हैं) के विरुद्ध इम्यून सिस्टम को एंटीबॉडीज उत्पादन के लिए प्रेरित करता है। जब ये एंटीजन, कैंसर कोशिकाओं पर पहचान लिए जाते हैं तो इम्यून सिस्टम उनके खिलाफ हमला शुरू कर देता है।

ऐसे करेगी एक्शनः एमआरएनए कैंसर वैक्सीन, इम्युनोथेरेपी का एक रूप है। कैंसर कोशिकाएं अकसर ऐसा तरीका विकसित कर लेती हैं कि वो एंटीबॉडीज द्वारा पहचान में आने से बच जाएं। फलस्वरूप इम्यून सिस्टम (शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता) उन्हें नष्ट नहीं कर पाता। इस बचाव के तरीके को अब समझ लिया गया है। अब प्लानिंग यह है वैक्सीन के जरिए शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता को इस प्रकार मजबूत कर दिया जाए कि वह कैंसर कोशिकाओं को तलाश करके उन्हें नष्ट कर दे और उनको फैलने से रोके। इस उपचार का लाभ यह है कि कीमोथेरपी के विपरीत इसमें अन्य कोशिकाओं के बजाय केवल कैंसर कोशिकाओं को ही नष्ट किया जाता है, नतीजतन ट्रीटमेंट के साइड-इफेक्ट्स कम हो जाते हैं। वैक्सीन के अतिरिक्त भी इम्युनोथेरेपी के अन्य अनेक तरीके हैं। जैसे कार टी सेल थेरेपी, इम्यून चेकपॉइंट इन्हिबिटर्स आदि।

अन्य वैक्सीन से है अलगः अन्य वैक्सीनों की तरह एमआरएनए कैंसर वैक्सीन, रोग को रोकने के लिए स्वस्थ व्यक्तियों के लिए नहीं है कि टीकाकरण करा लिया और रोग होगा ही नहीं। इन्हें उन रोगियों पर इस्तेमाल किया जाता है, जिन्हें पहले से ही कैंसर है ताकि रसौली को निशाना बनाकर उसका उपचार किया जा सके। यह उपचार विधि इस तरह से तैयार की गई है कि हर रोगी की रसौली में जो विशिष्ट एंटीजन होते हैं, उन्हें निशाना बनाया जाए, जिससे यह वैक्सीन व्यक्तिगत हो जाती है और अधिक प्रभावी भी। कैंसर एमआरएनए वैक्सीन को इस तरह से भी डिजाइन किया जा सकता है कि अनेक प्रकार के एंटीजन को निशाना बनाया जा सके।

कैंसर का करेगा ट्रीटमेंटः कई डॉक्टरों का कहना है कि कैंसर की रोकथाम के लिए 'वैक्सीन' शब्द का प्रयोग करना भ्रामक है, क्योंकि संक्रमित रोगों की तरह कैंसर आमतौर से किसी एक कीटाणु से नहीं फैलता है। जहां तक कैंसर के रोकथाम की बात है तो ह्यूमन पपील्लोमावायरस (एचपीवी) वैक्सीन से सर्वाइकल कैंसर को होने से रोका जा सकता है, क्योंकि इस सिलसिले में 90 प्रतिशत से अधिक केस इस वायरस के कारण होते हैं। लेकिन डॉक्टर्स इस बात पर बल देते हैं, 'रोगियों को यह समझना चाहिए कि इम्युनोथेरेपी उपचार से कैंसर को होने से नहीं रोका जा सकता। यह रोग होने के बाद का इलाज है।' *

खबर संक्षेप

महिला के कान से बाली छीनकर भागा युवक

फतेहाबाद। टोहाना में महिलाओं के साथ छीना झपटी की घटनाएं लगातार जारी है। गत दिवस भी एक युवक महिला के कान से सोने की बाली छीनकर फरार हो गया। इस बारे टोहाना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में सपड़ा मोहल्ला टोहाना निवासी सुभाष कुमार ने कहा है कि उसकी माता चंचल देवी शाम को घर जा रही थी। जैसे ही वह सैंट मैरी स्कूल के पास पहुंची तो एक अज्ञात युवक वहां आया और उसकी माता के कान की बाली छीनकर मौके से फरार हो गया।

विभिन्न स्थानों से चार बाइक व गाड़ी चोरी

सिरसा। जिला में अलग-अलग स्थानों से चोर 4 मोटरसाइकिल व एक गाड़ी चोरी कर ले गए। पहले मामले में एडीसी कॉलोनी निवासी रतन सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने मोटरसाइकिल गली में घर के बाहर खड़ा किया था। कुछ देर बाद संभाला तो मोटरसाइकिल गायब मिला। दूसरे मामले में श्याम कॉलोनी रानियां निवासी सुखवंत सिंह ने बताया कि उसने अपनी गाड़ी बीती 24 फरवरी की रात को घर के साथ लगते प्लॉट में खड़ी की थी। सुबह गाड़ी संभाली तो गायब मिली।

गांव कुसुंबी से पंचायती झोटा चोरी

सिरसा। जिला के गांव कुसुंबी से एक पंचायती झोटा चोरी हो गया। पुलिस को दी शिकायत में सरपंच वेदप्रकाश कुसुंबी ने बताया कि कुछ समय पूर्व पंचायत की ओर से एक झोटा गांव में लाया गया था। करीब 10 दिन पूर्व उक्त पंचायती झोटा कोई चोरी कर ले गया। अपने स्तर पर वे उसकी तलाश करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

3 लाख रुपए की नगदी चोरी की वारदात सुलझी

रानियां। पुलिस ने एक दुकान से हुई 3 लाख रुपए की नगदी चोरी की वारदात को सुलझाते हुए एक युवक को काबू कर लिया। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए रानियां थाना प्रभारी ने दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान सतपाल सिंह उर्फ बिटू पुत्र हरवंश सिंह निवासी भडोल्यांवाली जिला सिरसा के रुप में हुई है। रानियां थाना प्रभारी ने बताया कि नितिन कुमार पुत्र कैलाश नाथ निवासी वार्ड नंबर 4 रानियां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जीवन नगर रोड़ रानियां क्षेत्र में उसकी खल फीड एंव पशु आहार की दुकान है, बीती 4 फरवरी को थोड़ी देर के लिए दुकान के पिछे गया था।

रेलवे पार्क में मनाया जाएगा होली महोत्सव

सिरसा। महात्मा बुद्ध योग संस्था की एक बैठक नरेंद्र योगी की अध्यक्षता में हुई जिसमेंकाफी संख्या में संस्था के सदस्यों ने भाग लिया। इस बैठक में फैसला हुआ की इस बार होली महोत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाने के लिए शहर के संगीत कलाकारों को भी आमंत्रित किया जाएगा, जो अपने गीतों के द्वारा लोगों का मनोरंजन करेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार आगामी 9 मार्च को होली महोत्सव रेलवे पार्क में मनाया जाएगा, जिसमें बाहर से आए कलाकारों द्वारा झांकी और फूलों की होली खेली जाएगी।

ट्रक से बैटरी चुराने के दूसरे आरोपी गिरफ्तार

फतेहाबाद। थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने रतिया रोड पर खड़े एक ट्रक से बैटरी चुराने के मामले में कार्यवाही करते हुए दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान रामफल पुत्र मिट्ठू राम निवासी अयाल्की के रूप में हुई है। इस मामले में एक आरोपी सुरेश कुमार पुत्र मिटठू राम निवासी अयाल्की को पहले ही गिरफ्तार कर पुलिस बैटरी को बरामद कर चुकी है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई औमप्रकाश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 14 फरवरी को अजय सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

कहा : विस चुनाव हारने का बड़ा कारण गुटबाजी

कांग्रेस पार्टी के पास प्रदेश में संगठन का अभाव : सैलजा

- सांसद कुमारी सैलजा ने प्रैस क्लब में पत्रकारों से की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। पत्रकारों से बातचीत करते सांसद कुमारी सैलजा।

सिरसा लोकसभा क्षेत्र से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जनता कांग्रेस को जीताना चाहती थी लेकिन कांग्रेस हारी, जिसकी वजह पार्टी में संगठन की कमी व आपसी गुटबाजी मुख्य कारण रही। भविष्य में पार्टी द्वारा इन सभी कमियों को दूर किया जाएगा, तभी आगे बात बनेगी। कमियां कहां थी और कौन जिम्मेदार है, यह पार्टी देख रही है। सांसद कुमारी सैलजा प्रैस क्लब में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। इस दौरान उनके साथ विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, टोहाना विधायक स. परमवीर सिंह सहित अनेक कांग्रेस नेता मौजूद रहे। क्लब अध्यक्ष विजय मेहता ने सांसद कुमारी सैलजा को वहीं सुरेन्द्र असीजा ने विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया का स्वागत किया।

कुमारी सैलजा ने कहा कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र से जनता ने उन्हें फिर से मौका दिया, क्योंकि उनका लोगों से संपर्क हमेशा बना रहा, लोगों ने उन्हें याद किया तो वे जीत भी गई। अब उनका प्रयास है कि इलाके के लिए काम करूं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में पार्टी को जो उम्मीदें थी, वो पूरी नहीं हुई। जनता चाहती थी कि कांग्रेस की सरकार बने, लग भी रहा था, लेकिन भाजपा सरकार बनाने में कामयाब रही। इसमें भाजपा ने भी जनता को मुद्दों से भटकाने का काम किया, लेकिन कांग्रेस पार्टी की अपनी भी कमियां रही, जिन्हें दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हार-जीत पैमाना नहीं होते, बल्कि जनता की आवाज पैमाना होती है और जनता की आवाज कांग्रेस के साथ थी। सैलजा ने कहा कि वह यहां पर पार्टी के अंदरूनी मामलों पर कुछ नहीं कहेंगी, लेकिन पार्टी को हारना तो नहीं चाहिए था। पार्टी के पास संगठन का भी अभाव है, इसको नकारा नहीं जा सकता। रेलवे लाइन के मामले पर उन्होंने कहा कि वे शुरू से ही फतेहाबाद में रेल लाइन लाने को लेकर आवाज उठाती रही हैं, उन्हें खुशी है कि इस बजट में इसको लेकर प्रावधान हुआ है, उम्मीद है कि इस पर जल्द काम भी शुरू होगा। घग्घर के मुद्दे पर कुमारी सैलजा ने कहा कि हाल ही में दिल्ली के चुनाव में यमुना का प्रदूषण मुद्दा बना था। हरियाणा सरकार को देखना होगा कि उत्तरी हरियाणा से यहां तक बहने वाली नदी नाला बन चुकी है।

नशा रुका तो अपराध भी रुकेगा : सांसद

नशे के मामले पर उन्होंने कहा कि नशे पर लगाम लगनी चाहिए, इसके लिए वे भी शुरूआत से आवाज उठाती आई हैं। प्रशासन को चाहिए कि छोटी मछली नहीं बल्कि बड़ी मछलियों को पकड़े और सरकार भी इस पर साफ साफ आदेश जारी करे। नशा रुका तो अपराध भी रुक जाएगा।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कांग्रेस नेता जयपाल लाली, भीमसेन नारंग, सीता राम बेनीवाल, मंगत राम लालवास, सुधीर गोदारा, गुलाब सूंडा, शम्मी रत्ती, मुख्यतार सिंह सदर, सुशील बिश्नोई एडवोकेट सहित अनेक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

कला स्पंदन-2025 में विद्यार्थियों ने दिखाया कौशल

- राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा में दो दिवसीय सांस्कृतिक समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा। प्राचार्य प्रो. हरजिंद्र सिंह उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए।

राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा में दो दिवसीय सांस्कृतिक समारोह कला स्पंदन-2025 का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपने कौशल का परिचय दिया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. हरविंद्र सिंह ने बताया कि सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ. स्मृति कंबोज के संयोजन में आयोजित इस सांस्कृतिक समारोह में रियाज़ संगीत अकादमी सिरसा के संचालक राज वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि व जीएनसी सिरसा के हिंदी विभाग से सेवानिवृत्त डॉ. निशा गोयल ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ. स्मृति कंबोज द्वारा इस समारोह की रूपरेखा से अवगत करवाए जाने के उपरांत विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के दौरान जीएनसी सिरसा के संगीत विभाग से सेवानिवृत्त डॉ. रंजना गंडा, जीसीडब्ल्यू सिरसा के संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. यादविंद्र सिंह, डॉ. इंदिरा जाखड़, डॉ. साक्षी मेहता व डॉ. मंजू मेहता ने निर्णायकमंडल की भूमिका का निर्वहन किया। इस अवसर पर आयोजित भजन/शब्द प्रतियोगिता में प्रतिष्ठा, लक्ष्यप्रताप सिंह व निपुण एवं गगनदीप, हरियाणवी लोक गायन में राकेश, संजिका, सामान्य गायन में प्रतिष्ठा, पलक व अरमान सिंह, वेस्टर्न सोंग में पलक व राजवीर कौर, सामान्य नृत्य में नेहा, अजय व मनजिंद्र सिंह, हरियाणवी नृत्य में उदयपाल, रितु व प्रकाश ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान अर्जित किया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में अजय, हेमंत, मनन व सिमरन की टीम प्रथम; उदयपाल व खुशबू की टीम द्वितीय व अभिजीत, नेहा व बिंदिया की टीम तृतीय स्थान पर रही। म्यूजिक बैंड में बबिल, राकेश एवं गगनदीप प्रथम व निपुण, राजवीर कौर, जतिन एवं अर्शदीप द्वितीय स्थान पर रहे। एड-मेड शो में प्रकाश, उदयपाल, सिमरन, किरण, खुशबू एवं राजेंद्र प्रथम रहे।

हेरोइन सहित बाइक सवार दो युवक काबू

सिरसा। एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने गश्त के दौरान रानियां थाना क्षेत्र में स्थित ढाणी सतनाम सिंह से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को हजारों रुपए की 8 ग्राम 16 मिलीग्राम हेरोइन के साथ काबू किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान गुरमेल सिंह पुत्र जीत सिंह व रमेश उर्फ जसा पुत्र प्रीतम सिंह निवासी ढाणी सतनाम सिंह जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान रानियां क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को सामने से मोटरसाइकिल सवार दो युवक आते दिखाई दिए।

पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा। वक्ताओं को सम्मानित करते हुए आयोजक।

पन्नीवाला मोटा स्थित चौधरी देवीलाल राज्य अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान पन्नीवाला मोटा ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईसीटी अकादमी, सी-डैक मोहाली के सहयोग से एलओटी, एआई और इसके अनुप्रयोग विषय पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का सफल आयोजन किया। फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा प्रायोजित था। इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ. एमपी पूनिया, कैंपस निदेशक, बीएफजीआई, बठिंडा, एवं पूर्व उपाध्यक्ष एआईसीटीई, नई दिल्ली और डॉ. बलविंदर सिंह, संयुक्त निदेशक सी.डैक मोहाली मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन संस्थान की निदेशक-प्राचार्या डॉ. मीना कुमारी और सह-संयोजक माणिक गोयल, सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष द्वारा किया गया।

दुकान में घुसे सांडों ने मचाया उत्पात, दुकानदार चोटिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहर में बरनाला रोड पर बुधवार को सांडों की लड़ाई दुकानदार को महंगी पड़ गई। सांडों ने दुकान में घुसकर उत्पात मचाया और गेट का शीशा तोड़ डाला। वहीं, दुकानदार को भी चोटिल कर डाला। दुकानदार के सिर व हाथों पर चोटें लगी हैं। एक एक्टिवा भी तोड़ डाली। करीब आधे घंटे तक सांडों में लड़ाई होती रही। बाद में बड़ी मुश्किल से लोगों ने सांडों को वहां से भगाया। गर्ग जनरल स्टोर के संचालक मनोज कुमार ने बताया कि सडक़ पर पांच-छह सांड आपस में लड़ रहे थे। दुकानदारों ने उन्हें शांत करने के लिए पहले पानी डाला, फिर ईंटों से भी उन्हें भगाने का प्रयास किया। मगर दो सांड लड़ते-लड़ते उसकी दुकान में घुस गए। इससे दुकान के मेन गेट का शीशा टूट गया। उसके पिता को भी काफी चोटें आई हैं। गनीमत रही कि जान का नुकसान नहीं हुआ। इस घटना के बाद दुकानदारों ने नगर परिषद प्रशासन के प्रति रोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि खुले में घूम रहे सांड आए दिन लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। इन पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन को सख्ती से काम करना चाहिए। दुकानदारों ने मांग की कि नगर परिषद प्रशासन ऐसे सांडों को तो जरूर पकड़े।

हेलीकॉप्टर पर राजस्थान से दुल्हन लेकर आया दूल्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा। हेलीकॉप्टर पर राजस्थान से दुल्हन लेकर आए दूल्हा का स्वागत करते हुए परिजन।

गांव कागदाना में दूल्हा अपनी दुल्हन को हेलीकॉप्टर में लेकर पहुंचा तो देखने के लिए कागदाना व आसपास के गांवों के ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। कागदाना के बाग राम रुहिल के पोते की यह शादी क्षेत्र मे चर्चा का विषय बनी हुई है। एक तो यहां डॉ. दूल्हा अपनी डॉ. दुल्हन को हेलीकॉप्टर में राजस्थान से विदा कराकर घर लाया। इसके साथ-साथ यह शादी चर्चा का विषय इसलिए भी बनी रही कि शादी भी बिना दहेज के एक रुपया व एक नारियल लेकर परंपरागत रस्म अदा की। गांव कागदाना निवासी डॉ. जगदीश चौधरी के बेटे डॉ. हिमांशु की शादी राजस्थान के सीकर जिले के गांव नवलगढ़ निवासी डॉ. श्रवण गोदारा की बेटी डॉ. दीक्षा गोदारा के साथ मंगलवार 25 फरवरी को हुई। जिनको आशीर्वाद देने के लिए चोपटा क्षेत्र से कृष्ण कुमार, भगत सिंह, सूबे सिंह रुहिल, सुभाष, रजबीर मंडा, डॉ. मोहित, रूपीन, सोहन लाल, विजय सिंह नाथूसरी कलां के समाजसेवी रधुवीर सहित अन्य मौजूद रहे।

सिरसा। गुमशुदा मोबाइल फोन लौटाते एसपी।

लाखों रुपये के गुम हुए फोन मालिकों को लौटाए

डबवाली। साइबर सुरक्षा शाखा ने मोबाइल गुम होने की शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए जनवरी माह में 10 शिकायतों का निपटारा कर गुम हुए 10 मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने अपने कार्यालय में गुमशुदा मोबाइल फोन के असल मालिको को बुलाकर उन्हें मोबाईल फोन सौंपे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला डबवाली की साइबर सुरक्षा शाखा में मोबाइल गुम होने की शिकायत आती रहती हैं। जांच करते हुए साइबर सुरक्षा शाखा प्रभारी सहायक सब इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह व उनकी टीम ने जनवरी माह में 10 मोबाइल फोन की बरामदगी की है और उनके असल मालिक को मोबाइल सौंपे गए। जिनमें गुरदास सिंह, वरुण, अशोक सेठी, राकेश, सोनु कुमार, विवेक व बलवीर अपना फोन पाकर खुश हुए और पुलिस का आभार जताया।

एनएचएम सीएचओ ने लाभ फ्रीज किए जाने पर जताया रोष

- फतेहाबाद में एनएचएम सीएचओ ने सीएमओ को एमडी के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। अधिकारी को एमडी एनएचएम के नाम ज्ञापन सौंपते सीएचओ।

नेशनल हैल्थ मिशन के सर्विस बाय लॉज 2018 के लाभ फ्रीज किए जाने से एनएचएम कर्मचारियों में काफी रोष है। एनएचएम तहत कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल इस मुद्दे को लेकर सिविल सर्जन डॉ. महेन्द्र भादू से मिला। फतेहाबाद में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने अपने अधिकारों को लेकर सिविल सर्जन फतेहाबाद को एमडी, एनएचएम के नाम ज्ञापन सौंपा। ऑल इंडिया सीएचओ एसोसिएशन जिला इकाई फतेहाबाद के संरक्षक डॉ. राजेन्द्र जांगड़ा व प्रधान प्रदीप कुमार ने बताया कि मिशन निदेश, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पंचकूला द्वारा 17 जनवरी को जारी पत्र के अनुसार एनएचएम के सर्विस बाय लॉज 2018 के लाभ 27 जून 2024 के बाद फ्रीज कर दिए गए हैं। इस निर्णय के बाद जिले में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों यानि सीएचओ में अपने वित्तीय नुकसान का डर बना हुआ है।

पात्र करदाता 31 तक ले सकते हैं जीएसटी एमनेस्टी योजना का लाभ

फतेहाबाद। केंद्र सरकार द्वारा घोषित जीएसटी एमनेस्टी योजना 2024 के तहत पात्र करदाताओं को बकाया कर पर ब्याज व जुर्माना में छूट दी जाएगी जिसमें उनकी कुल देयता में कमी आएगी और उन्हें मात्र बकाया कर का ही भुगतान करके ब्याज व जुर्माने की माफी के लिए जीएसटी पोर्टल पर आवेदन करना होगा। इस योजना का लाभ उठाने की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2025 होगी। उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (बिक्री कर) आनंद सिंह ने बताया कि इस योजना को हरियाणा सरकार द्वारा भी अधिसूचित किया जा चुका है। योजना के संबंध में पात्रता की जानकारी देते हुए आनंद सिंह बताया कि यह योजना उन करदाताओं के लिए लागू होगी जिन पर वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए हरियाणा जीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 73 के तहत बकाया कर देनदारी है।

डॉ. शील को मिला गद्यश्री अलंकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा। डॉ. शील कौशिक को गद्यश्री अलंकरण से सम्मानित करते हुए आयोजक।

उत्तर प्रदेश की प्रमुख प्रज्ञा हिंदी सेवार्थ संस्थान, फिरोजाबाद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्रज्ञा सम्मान-2024 प्रतियोगिता में डॉ. शील कौशिक की कृति समीक्षा के दायरे में महिला हिंदी लघुकथा लेखन के लिए श्री अरविंद तिवारी गद्यश्री अलंकरण-2024 प्राप्त हुआ। सम्मान में प्रशस्तिपत्र, स्मृति चिह्न, शॉल, माला, धनराशि, श्रीफल एवं अन्य उपहार प्राप्त हुए। इस अवसर पर अध्यक्ष पदमश्री प्रो. उषा यादव, प्रो. सुरेंद्र दुबे तथा सुप्रसिद्ध प्रवासी साहित्यकार डा. तेजेंद्र शर्मा मौजूद थे। ज्ञातव्य हो कि डॉ. शील कौशिक सिरसा की हरियाणा साहित्य अकादमी से पुरस्कृत व सम्मानित वरिष्ठ साहित्यकार तथा प्रमुख समालोचक हैं। इनकी विविध विधाओं में 64 पुस्तक प्रकाशित हुई हैं। इनके लेखन पर विभिन्न विश्वविद्यालय से शोधार्थियों द्वारा पांच पीएचडी तथा छह एमफिल संपन्न हो चुकी हैं। सुप्रसिद्ध विद्वान लेखकों ने उनके कृतित्व पर पांच पुस्तकें भी लिखी हैं। उनकी पांच पुस्तकों का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। हरियाणा साहित्य अकादमी के अलावा वे देश, विदेश कीअनेक संस्थाओं द्वारा सम्मानित हो चुकी है। चिल्ड्रन बुक ट्रस्ट द्वारा इनकी बाल कहानियां पुरस्कृत हो चुकी हैं तथा इनकी अनेक रचनाएं पाठ्यक्रम में भी सम्मिलित हैं। सिरसा के वरिष्ठ साहित्यकारों प्रो. रूप देवगुण, डॉ. राजकुमार निजात, डॉ. ज्ञान प्रकाश पीयूष, हरीश सेठी झिलमिल आदि ने बधाई के साथ-साथ उनकी इस उपलब्धि को सिरसा के लिए महत्वपूर्ण बताया।

डबवाली के चार वार्ड नशामुक्त घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पुलिस का दावा है कि शहर डबवाली के वार्ड नंबर 8, 9,10 और 11 नशा मुक्त गांवों व वार्डों की सूची में अपना नाम दर्ज करवाने में कामयाब हो गए हैं। इसके साथ ही डबवाली जिला के 61 गांव व 14 वार्ड नशा मुक्त घोषित किए जा चुके हैं। अब वे दिन दूर नहीं जब डबवाली का हर एक व्यक्ति एक स्वर में बोलेगा कि हमारा डबवाली जिला अब नशा मुक्त हो गया है, जिसके लिए पुलिस की भिन्न टीमें नशा तस्करी पर प्रहार करने व आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे जागरूक करने का काम पूरी मेहनत व लगन से कर रही है। इसी कड़ी में क्राइम यूनिट की टीमें लगातार दिन रात एक करके नशा तस्करों को जेल की सलाखों के पीछे भेजने का कार्य जोर शोर से कर रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने युवाओं व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शहर डबवाली के वार्ड नंबर 8,9,10 व 11 अब नशा मुक्त हो चुके हैं। यहां के युवाओं ने नशे को पूरी तरह से अलविदा कह कर गांव में किसी भी तरह का नशा न करने और न ही बेचने की शपथ ली है ।द नशा मुक्ति पर आयोजित इस कार्यक्रम में एसपी ने वार्ड नंबर 8,9,10 व 11 के एमसी को उनके वार्ड को नशा मुक्त बनाने में डबवाली पुलिस का सहयोग करने पर धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम जिंदल टावर ज्ञान केंद्र का दौरा किया व विभिन्न चीजों की जानकारी प्राप्त की

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

बड़ी स्क्रीन पर वीडियो के माध्यम से कृषि विश्वविद्यालय के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। शैक्षणिक भ्रमण में शामिल पीएम श्री स्कूल जेएनवी, खारा खेड़ी के विद्यार्थी व स्टाफ। *फोटो : हरिभूमि*

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी के कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं ने हिसार का शैक्षणिक भ्रमण किया। प्राचार्य अनूप सिंह ने शैक्षणिक भ्रमण पर जाने वाले विद्यार्थियों के दल को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के मुख्य द्वार से बस को रवाना किया। विद्यार्थियों के दल ने हिसार में पहुंचकर जिंदल टावर ज्ञान केंद्र का दौरा किया और विभिन्न चीजों की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद विद्यार्थियों ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में स्थित डॉ. मंगल सेन एग्रीकल्चर साइंस म्यूजियम का दौरा किया। संग्रहालय में हरियाणवी संस्कृति से जुड़ी चीजों एवं पुरानी चीजों को प्रदर्शित किया गया था जिनको बच्चों ने देखा व उनके बारे में जाना। संग्रहालय में पुराने जमाने में घरों में प्रयोग किए जाने वाले विभिन्न तरह के बर्तन कपड़े आदि प्रदर्शित किए गए थे। इसके अलावा स्टाफ व विद्यार्थियों द्वारा एक बड़ी स्क्रीन पर वीडियो के माध्यम से कृषि विश्वविद्यालय के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बच्चों ने विभिन्न प्रकार की खाद, मिट्टी, खेत में प्रयोग की जाने वाली दवाइयां के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के दल ने हिसार में स्थित ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण किया। गुजरी महल के इतिहास के बारे में बच्चों ने जाना तथा फिरोज शाह द्वारा बनाए गए किले का भी भ्रमण बच्चों के द्वारा किया गया। परिसर में लाट की मस्जिद व अशोक स्तंभ को भी देखा। हिसार से वापस आते समय शाम को अग्रोहा गांव में स्थित ऐतिहासिक स्थलों को देखते हुए विद्यालय में पहुंचे।

महाशिवरात्रिः सीसवाल धाम में उमड़ा जन सैलाब

मंडी आदमपुर। गांव शिशवाल के प्राचीन शिवालय मंदिर पर बुधवार को भक्तों का तांता लगा रहा तथा जलाभिषेक करने के लिए भारी संख्या में जन सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह 4:00 बजे से मंदिर प्रांगण में लंबी-लंबी लाइन लगी हुई थी जो शाम 2 बजे तक भी एक-एक किलोमीटर में दो लाइन लगी हुई थी। पुलिस प्रशासन एवं मंदिर कमेटी ने व्यवस्था का जिम्मा संभाल रखा था ताकि कोई घटना घटित में होने पाए एवं जाम न लगने पाए। मंदिर परिसर में भंडारा लगाया गया। इस अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बाहर से आए कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया तथा शंकर भगवान व पार्वती का गुणगान किया। इस मौके पर तरसेम गोयल, राकेश कुमार, दिनेश कुमार, रोहतास कुमारी, घीसाराम राम कुमार, लीलू राम, मनोहर लाल समेत अनेक व्यक्ति व हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

मंत्री ने किया शिव बाबा की मूर्ति का अनावरण

बरवाला। खरकड़ा मार्ग पर स्थित प्राचीन शिवपुरी शिवालय में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना करते हुए शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इससे पूर्व शिवालय के प्रांगण में लाखों रुपये की लागत से तैयार श्री भोले बाबा की मूर्ति का अनावरण मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने किया। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में चेयरमेन ईश्वर सिंह मालवाल और पूर्व चेयरमेन सतबीर वर्मा मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी आयुष शर्मा, मुकेश मित्तल, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मुनीश गोयल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोनू संदूजा, समाजसेवी बिशन दास, पूर्व पार्षद पुनीत जावा व पूर्व पार्षद रामकेश बंसल मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने महाशिवरात्रि पर्व की बधाई दी और 11 लाख रुपये की दानराशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रधान रतन सैनी, राजेश सैनी, संजय सिंगला, मुकेश सिंगला, राजू सरदाना, अमन आहूजा, सुरेश मेहंदीरत्ता, सन्नी वासदेवा, अमित पिलानी, संजय राजपाल, मदन कंसल व प्रवीण गोयल मौजूद रहे।

जिलेभर में महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़े शिवभक्त, श्रद्धालुओं में देखने को मिला उत्साह

शिवलिंग पर दूध, गंगाजल, बेलपत्र, फल व भांग से श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा, जलाभिषेक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जिलेभर के विभिन्न शिवालयों में शिवभक्त को भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं सुबह से ही शिव मंदिरों में पहुंचकर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और बम बम भोले के जयकारे लगाए। गांव सीसवाल के प्राचीन शिवालय मंदिर, शिव कामेश्वर धाम किरमारा, श्री प्रारागगिरी शिवालय मन्दिर पड़ाव चौक में श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी लाइन लगी थी। वहां पर व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस की मदद लेनी पड़ी। इस दौरान शिवलिंग पर दूध, गंगाजल, बेलपत्र, फल और भांग चढ़ाकर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की बड़ी संख्या में मौजूदगी से मंदिरों में अद्भुत भक्ति का माहौल बना हुआ है। कई मंदिरों में भंडारा भी लगाया गया।

सच्चे मन से करें पूजा

श्री प्रारागगिरी शिवालय मन्दिर पड़ाव चौक पर महाशिवरात्रि का भव्य मेला भरा गया। इसमें हजारों की संख्या में धर्म प्रेमियों ने शिवालय मन्दिर में पूजा-पाठ करके भजन-कीर्तन व भंडारा का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर शिवालय मन्दिर के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने शिवालय मन्दिर में रूद्राभिषेक करने के उपरांत कहा कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान श्री शिव जी व माता पार्वती का विवाह हुआ था। हम सब देशवासियों को सच्चे मन से श्री शिव जी भगवान की अराधना करनी चाहिए। शिवालय मन्दिर में पूजा करने से भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। इस अवसर पर वरिष्ठ उप प्रधान कैलाश चौधरी, सहसचिव ओम प्रकाश असीजा, सचिव सुरेंद्र सिंगला, कोषाध्यक्ष सतपाल असीजा, प्रिंसिपल सत्येंद्र गोयल, किशन लाल बगड़ी, जगत नारायण, गुलशन महाजन, रमेश पटवारी, दिनेश सैनी आदि प्रतिनिधियों ने विचार रखें।

ब्रह्माकुमारीज में पूजा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ज्योतिपुरा मोहल्ला स्थित राजयोग केंद्र में 89वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती मनाई गई। इस अवसर पर केंद्र की संचालिका बीके रमेश कुमारी ने शिव ध्वज फहराया व केक काटा। बीके रमेश कुमारी ने शिव जयंती की सभी को बधाई दी। इस अवसर पर बीके अनिता, बीके नाथूमल कटक से तथा माउंटआबू से बीके लीना, बीके कीर्ति भाई, बीके महाबीर, बीके राजसिंह विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर बीके रमेश कुमारी ने बताया कि पुराना गवर्नमैंट कॉलेज मैदान में 28 फरवरी से 2 मार्च तक प्रतिदिन 10 से रात्रि 8 बजे तक 'स्वर्णिम भारत अनुभूति महामेला' आयोजित किया जाएगा।

लगी लंबी कतारें

श्री श्याम मंदिर सेक्टर 16-17 मे महाशिवरात्रि का त्यौहार बड़ी ही श्रद्धाभाव एवं धूमधाम से मनाया गया। सुबह 4:30 बजे मंत्रोचारण के बीच शिव- परिवार का रुद्राभिषेक करते हुए पूजा अर्चना की गई। अल सुबह ही शिवालय मे जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी कतारे लग गई। भारी संख्या में भक्तों का आवागमन सायं तक जारी रहा। श्रदालुओं ने फलों एवं बेलपत्र, दुग्ध, शहद अर्पित कर अपने परिवार व समाज की खुशहाली की मन्नत मांगी। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के प्रधान विनोद अग्रवाल, आशीष जैन, त्रिलोक बंसल, सुभाष बंसल, दिनेश बिंदल, ओमप्रकाश गोयल, राजकुमार जैन, दिनेश गोयल सदस्य मौजूद रहे।

501 शिवलिंगों की पूजा

दिव्य देव स्थानम सरसौद में बुधवार को फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि पर मनोहर लाल ज्ञानी देवी जन सोसायटी संस्थापक सदस्यों व ग्रामीणों ने 501 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया। पंडित गणेश शास्त्री द्वारा पूजा-अर्चना के साथ भोले बाबा का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक करवाया गया। सोसायटी के प्रधान मदनलाल गोयल ने बताया कि एक पार्थिव शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से 100 शिवलिंगों का पुण्य मिलता है। समापन पर शावंक की खीर व फलों का प्रसाद बांटा

किया जलाभिषेक

जम्मूश्वर महादेव शिव मंदिर, गांव बड़वा में बुधवार को महाशिवरात्रि उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के पुजारी नरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि मंदिर के संस्थापक ब्रह्मलीन भक्त सूबेदार मोतीलाल शर्मा के आशीर्वाद से प्रातः से ही पूजा-अर्चना शुरु हो गई। भारी संख्या में शिवभक्तों ने मंदिर प्रांगण में आकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया व मनोकामनाएं मानी। गांव बड़वा, सिवानी, हिसार के अलावा दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु भगवान शिव की अराधना करने मंदिर में पहुंचे। भजन-कीर्तन किया गया। भजन गायकारों ने भोले बाबा का गुणगान किया। कलाकारों द्वारा झांकियां निकाली गई। दोपहर को भंडारा चलाया गया जिसमें असंख्य श्रद्धालुओं ने प्रशाद ग्रहण किया।

भंडारा आज

शिवा शक्ति मंदिर पटेल नगर के संजय नगर में स्थित मंदिर समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवरात्रि के पावन पर्व पर 27 फरवरी को पीएलए फ़ूड मार्केट पार्किंग में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। समिति के मुख्य सेवादार डॉ महिपाल मुंजाल ने बताया समिति पिछले 41 वर्षों से शिवरात्रि पर भंडारे का आयोजन कर रही है। शिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रातः 8:00 बजे आचार्य आरसी मिश्रा द्वारा सर्वमंगल कामना के लिए हवन यज्ञ करवाया जाएगा।

महाशिवरात्रि पर विधायक ने खुलवाया भाजपा समर्थक का 41 दिन बाद व्रत

- ठाकुर हुकमचंद ने तीसरी बार भाजपा सरकार व विनोद भयाना के विधायक बनने पर 41 दिन का व्रत रखने का लिया था संकल्प

हांसी। सिसाय रोड़ स्थित शिव मंदिर में बुधवार को महाशिवरात्रि महोत्सव पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन-यज्ञ कार्यक्रम में विधायक विनोद भयाना ने शिरकत की और हवन-यज्ञ में आहुति डाल प्रदेश में सुख शांति व समृद्धि की कामना करते हुए शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और मंदिर परिसर में बनी शिव की प्रतिमा पर 70 फीट लंबी पुष्प माला चढ़ाई। उन्होंने भगवान शिव से प्रार्थना की कि वह उन्हें जनता की सेवा करने के लिए और अधिक शक्ति प्रदान करें। विधायक विनोद भयाना ने भाजपा समर्थक हुक्म चंद ठाकुर को जूस पिला कर उनके द्वारा किए 41 दिन का व्रत भी खुलवाया। ठाकुर ने तीसरी बार भाजपा सरकार व विनोद भयाना के विधायक बनने की खुशी में 41 दिन का वृत्त रखने का संकल्प धारण किया था। विधायक ने स्वर्ग आश्रम में पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर परिषद के प्रधान प्रवीण इलाहाबादी, सीटू नागपाल, जगदीश भाटिया, बक्शी ठकराल, राजीव शर्मा, मदन पाहवा, रमेश भूटानी , रमेश महता तथा शहर के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

रॉयल स्कूल खारा खेड़ी में महाशिवरात्रि पर्व की धूम

हिसार। रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल में महाशिवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कक्षा आठवीं की छात्रा निहारिका एवं जिया द्वारा मंचसंचालिका के रूप में शिव मंगलाचरण से किया गया। बगड़ बम बगड़ बम, आरम्भ है प्रचंड, शिव-शिव शंकर जय-जय शंकर आदि शिव भजनों पर कक्षा 5वीं, 7वीं व 8वीं की छात्राओं ने अपने अद्भुत नृत्य से सम्पूर्ण दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा आठवीं की छात्राओं खुशी, हर्ष, दिव्या व याचना द्वारा शिव तांडव की प्रस्तुति काफी मनमोहक रही। कक्षा तीसरी की छात्रा दक्षिता ने रौद्र-रस में सम्पूर्ण शिवतांडव को गाकर सभी को आकर्षित व अचंभित किया। इस अवसर पर स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्स्ना, ब्रिगेडियर बिनोद कुमार (रिटायर्ड), सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डॉ. डीवी नेहरा (रिटायर्ड) व सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।

गोसाई गेटः पंचमुखी हनुमान मंदिर में हवन व भंडारा

हांसी। महाकुंभ की महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बुधवार को गोसाई गेट बाहर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर संचालक महंत सागरनाथ के सान्निध्य में हवन-यज्ञ व 25वें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। अमृतवाणी पाठ के उपरांत हवन यज्ञ कर भंडारे का शुभारंभ किया गया। पशुपालन विभाग से डिप्टी सुप्रिडेंट रिटायर्ड रमेश कुमार डूडी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पवन मल्होत्रा ने शिरक्त की। वार्ड नंबर दो के पार्षद व भाजपा नेता हरिराम सैनी ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। मुख्यातिथि पवन मल्होत्रा ने सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी।

एसडी मार्डन स्कूलः बच्चों ने जपा ॐ नमः शिवाय

हांसी। महाशिवरात्रि पर एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों ने ज्ञानानंद मिशन में भगवान शिव के दर्शनार्थ व मंदिर भ्रमण के लिए ले जाया गया। नन्हे नन्हे विद्यार्थियों द्वारा शिवलिंग पर फूल, शहद, घी तथा जल चढ़ा कर ॐ नमः शिवाय का जाप तथा हनुमान चालीसा का पाठ किया। पुजारी ने सभी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उन्हें प्रसाद प्रदान किया। पुजारी ने बताया त्रिकालदर्शी भगवान शिव कष्टहर्ता हैं। यह पर्व शिव की महान रात्रि है। हमारे जीवन में इस दिन का गहरा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। प्राइमरी विंग इंचार्ज शिवानी की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अध्यापिका माया, शैली एलावादी बच्चों के साथ उपस्थित रही। प्राचार्या ऋतु सिंह ने बताया कि शिव की आराधना करने से हमारे समस्त कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सुख समृद्धि का आगमन होता है। इस दिन समुद्र मंथन से प्राप्त विष को भोले शंकर ने अपने कंठ में धारण कर समस्त सृष्टि को विनाश से बचाया था। प्रबंधक सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, कैशियर चंद्रभान गर्ग व सेक्रेटरी रजत अग्रवाल ने शुभकामनाएं दी।

खबर संक्षेप

तांबा के तार चोरी मामले में दो गिरफ्तार

हिसार। सदर पुलिस ने धांसू गांव से तांबा तार चोरी के दो आरोपियों मिर्जापुर के विशाल व अंकित को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चारी की 9 किलोग्राम 300 ग्राम तांबा तार व चोरी में प्रयोग की गई बाइक को भी बरामद की है।

खाना खा रही बुजुर्ग पर पोते ने हमला किया

हिसार। बुढ़ाखेड़ा में बुजुर्ग महिला पर उसके पोते व बहू ने हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता चांदा देवी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। 70 वर्षीय चांदा देवी बेटे राजेंद्र के साथ रहती है। गत दोपहर घर पर खाना खा रही थी। बेटा रामफल भी वहीं मौजूद था। उनका पोता सुनील ने घर आकर झगड़ा किया व रामफल को धक्का देकर गिरा दिया। उसकी मां चमेली भी वहां आ गई तथा दोनों ने उसकी पिटाई कर दी।

वेटरन खिलाड़ी महेंद्र का नेशनल में चयन

हिसार। अंबाला में होने वाले स्टेट मास्टर वेटरन बैडमिंटन गेम्स में अपने प्रदर्शन से सेवानिवृत्त पीटीआई महेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का किया है। यह प्रतियोगिता गोवा में होगी। शटल मास्टर बैडमिंटन एकेडमी में ट्रेनिंग दे रहे महेंद्र सिंह रोजाना सुबह-शाम 2 घंटे बैडमिंटन की प्रैक्टिस करते हुए पसीना बहातें हैं।

रॉयल स्कूल खारा खेड़ी का हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा-खेड़ी में बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य एडवोकेट अनिल कुमार लाठर ने जिला फतेहाबाद के अधिकारियों की एक टीम के साथ दौरा किया। स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्स्ना, ब्रिगेडियर बिनोद कुमार (रिटायर्ड), सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डॉ. डीवी नेहरा(रिटायर्ड) एवं स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य ने स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया । टीम ने पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों से संबंधित स्कूल के विभिन्न अभिलेखों का निरीक्षण किया और स्कूल द्वारा अनुपालन की स्थिति पर बेहद खुश हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को भी संबोधित किया और उनसे बातचीत की। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रवाद के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने टिप्पणी की कि इस स्कूल में रक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मंजूरशुदा सैनिक स्कूल ने अपने पिछले तीन साल के अस्तित्व में विद्यार्थियों को अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट अवसर दिया है।

हिसार। हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम तथा स्कूल प्रबंधन।

हनुमान मंदिर से निकली भोले बाबा की बारात

हिसार। श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर गली नंबर 2, जवाहर नगर में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। भोले की बारात निकाली गई जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रधान इंद्र चंद्र राठी ने बताया कि सुबह 5 बजे से श्रद्धालुओं का पूजा-अर्चना व जलाभिषेक के लिये आना शुरु हो गया। सायंकाल मंदिर प्रांगण से भोले बाबा की बारात निकाली गई। बारात में छोटे बच्चों ने भूत-प्रेत के रुप में काली पोशाक पहनकर रंग-गुलाल उड़ाया गया। बारात में मोहित गांधी, सुमित काठपाल, के.के.सेहरा, भगतचंद मेहता, प्रीतम लाल छाबड़ा, ललित राठी, नरेन्द्र रेवड़ी, हरबंस ग्रोवर, राकेश शामिल हुए।

स्वस्थ जीवनशैली जीने को नियमित स्वास्थ्य जांच महत्वपूर्ण : परमवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

स्वस्थ जीवनशैली जीने के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच महत्वपूर्ण है। नियमित जांच से बीमारी के विकसित होने के जोखिम की पहचान जल्दी हो जाती है। हमें केवल बीमारी के कुछ लक्षण होने पर ही डॉक्टर के पास नहीं जाना चाहिए बल्कि नियमित जांच भी समय-समय पर करवानी चाहिए। यह बात टाटा वनएमजी लैब के सेक्टर-13 कॉलेक्शन सेंटर के संचालक परमवीर सिंह ने कही।

हिसार। टाटा वनएमजी लैब के सेक्टर-13 कॉलेक्शन सेंटर में जांच करते संचालक।

नियमित जांच के लिए टाटा वनएमजी लैब के सेक्टर-13 कॉलेक्शन सेंटर की ओर से 27 फरवरी से 15 मार्च तक गुड हेल्थ ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। ड्राइव में शुगर, कोलेस्ट्रोल, यूरिक एसिड तथा केल्शियम की जांच निःशुल्क की जाएगी। ड्राइव में 15 टेस्ट डायबिटीज (एचबीए1सी, ईएजी, शुगर), थायरॉइड (टीएसएच), हार्ट (कोलेस्ट्रोल टोटल), किडनी (बीयूएन, यूरिया, क्रेटीनाईन), लीवर (एसजीपीटी, एसजीओटी, बिलीरूबीन), यूरिक एसिड और कैल्शियम की जांच 249 रुपये में की जाएगी।

हिसार। रंगोली का अवलोकन करते विभाग के शिक्षक।

रंगोली प्रतियोगिता में गार्गी व खुशी ने रही प्रथम

हिसार। गुजवि के मुद्रण प्रौद्योगिकी विभाग में 'विश्व मुद्रण दिवस' मनाया गया। इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि 'विश्व मुद्रण दिवस' पूरे विश्व में हर वर्ष जोहान्स गुटेनबर्ग के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। डॉ. संजीव माथुर ने बताया कि इस दिवस पर विभाग में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने रंगोली के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, नवीनतम तकनीकों व पर्यावरण संरक्षण को प्रदर्शित किया। दूसरी प्रतिस्पर्धा में पैकेज डेवलेपमेंट में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के नवप्रवर्तनकारी पैकेज को बना कर प्रदर्शित किया। तीसरी प्रतिस्पर्धा में पोस्टर डिजाइन का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने पोस्टर के माध्यम से विभिन्न प्रकार के मुद्रण संभावित संदेश प्रदर्शित किए। चौथी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने क्रियात्मक लोगो डिजाइन किया और अपने क्रियात्मक कौशल का परिचय दिया।

व्यक्तित्व विकास में सांस्कृतिक गतिविधियों का होता है विशेष योगदान : डॉ. दूहन

- राजकीय महाविद्यालय नारनौंद में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम "सरगम" का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

राजकीय कॉलेज नारनौंद में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम "सरगम" का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. पंकज गोयत ने डीएचईओ, नलवा की प्राचार्या डॉ. कमलेश दूहन का स्वागत किया। हिसार आकाशवाणी से आज़ाद दुहन व हांसी बार के पूर्व सचिव रूपेंद्र राणा, एडवोकेट ने शिरकत की। डॉ. कमलेश दूहन ने कहा कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों के रचनात्मक कौशल को विकसित करना है। डॉ दूहन ने आगे कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है जो उज्जवल भविष्य बनाने में सहायक होता है। इस मौके पर भवन निर्माण समिति के सदस्य राम कुमार गौतम, धर्मपाल मित्तल व श्यामलाल ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया।

नारनौंद। विजेताओं को पुरस्कृत देती मुख्यातिथि व अन्य।

हिंदी विभाग के चार विद्यार्थियों ने नेट परीक्षा की पास

हिसार। गुजवि हिंदी विभाग के चार विद्यार्थियों ने हिंदी विषय में यूजीसी नेट 2024 की परीक्षा उत्तीर्ण की। विभागाध्यक्ष प्रो. एनके बिश्नोई, विभाग की प्रभारी डॉ. गीतू धवन, डॉ. शर्मीला व डॉ. कल्पना ने विद्यार्थियों को बधाई दी। डॉ. गीतू ने बुधवार को बताया कि यूजीसी की परीक्षा लेक्चररशिप और पीएचडी के लिए एक अनिवार्य परीक्षा मानी जाती है। उन्होंने बताया कि हिंदी विभाग की एमए हिंदी स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा उषा पुत्री कृष्ण भादू ने दिसंबर 2024 की नेट परीक्षा के लिए कैटेगरी दो में परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए नेट परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए सहायक प्रोफेसर और पीएचडी के एडमिशन के लिए योग्यता पूरी की है। इसी के साथ ही स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष के छात्र नितिन पुत्र दलीप सिंह, वीरभान पुत्र राजवीर सिंह और हिम्मत्ता पुत्री सतीश ने नेट में केटेगरी तीन में नेट की परीक्षा उत्तीर्ण करके पीएचडी में दाखिला लेने की योग्यता पूरी कर ली है।